# बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
बिहार सरकार का एक उपक्रम
वेबसाइट: www.bsbccl.bih.nic.in

## BIHAR STATE BUILDING CONSTRUCTION CORPORATION LTD.

An ISO 9001:2008, 14001:2004 & OHSAS 18001:2007 Certified Company
A Government of Bihar Undertaking
Website: www.bsbccl.bih.nic.in

BSBCCL
Build Green, Live Green!
CIN:U45200BR2008SGC013513


पत्रांक–बी0एस0बी0सी0सी0एल0–257/17 (50) दिनांकः

**कार्यालय आदेश सं0–10/2022**

प्रायः ऐसा देखा जाता हैं कि क्षेत्रीय कार्यालयों के उप महाप्रबंधक तथा अन्य कर्मी निगम मुख्यालय में छोटे–छोटे कार्यो के कारण अथवा अकारण भी आते रहते है, जिससे निश्चित ही क्षेत्रिय कार्यालयों का कार्य प्रभावित होता होगा।

(2) ऐसी स्थिति में निदेश दिया जाता है, कि क्षेत्रीय कार्यालयों के कोई भी तकनीकी पदाधिकारी/कर्मचारी निगम मुख्यालय आने से पूर्व निगम के आधिकारिक Whatsapp Group पर संबंधित महाप्रबंधक या उनसे उपर के पदाधिकारी से एक दिन पूर्व अनुमति प्राप्त करेंगें। Whatsapp Group पर निगम मुख्यालय में आने का कारण स्पष्ट रूप से उल्लिखित होना चाहिए।

(3) संबंधित महाप्रबंधक यदि आवश्यक हो, तभी ससमय Whatsapp Group पर अनुमति देंगे। बिना अनुमति के कोई भी क्षेत्रिय कर्मी यदि निगम मुख्यालय में पाए जाते है, तो उन्हे अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित मानते हुए नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी।

(4) यदि निगम मुख्यालय द्वारा किसी क्षेत्रीय कर्मी को बुलाया जाना अनिवार्य हो, तो इस संदर्भ में संबंधित महाप्रबंधक पत्र निर्गत करेंगे अथवा Whatsapp Group पर कारण सहित संबंधित उप महाप्रबंधक को मुख्यालय आने हेतु निदेशित करेंगे।

(5) अति आवश्यक स्थिति या निदेश के आलोक में निगम मुख्यालय आने पर लिखित माध्यम् से बाद में मुख्यालय द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय से अनुपस्थिति को नियमितीकरण कराना भी अनिवार्य होगा।

(6) उपर्युक्त वर्णित निदेश उन मामलों में लागू नहीं होगा जिनमें पत्र के माध्यम से किसी भी क्षेत्रिय कर्मी को निगम मुख्यालय अथवा किसी अन्य संबंधित विभाग में उपस्थित रहने का निदेश दिया गया हो।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह0/–
**मुख्य महाप्रबंधक**

ज्ञापांक– 970 दिनांक– 16/03/22

प्रतिलिपिः–सभी महाप्रबंधक/सभी उप महाप्रबंधक (क्षेत्रीय सहित)/कम्पनी सचिव/परियोजना प्रबंधक/आई0टी0 मैनेजर एवं संबंधित पदाधिकारी, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16-3-22
**मुख्य महाप्रबंधक**


निबंधित कार्यालयः बी0एस0बी0सी0सी0एल, हॉस्पीटल रोड, शास्त्री नगर, पटना-800023, दूरभाषः +91-612-2284861, फैक्सः +91-612-2280324, मेलः bsbccl.patna@gmail.com
Registered Office: BSBCCL, Hospital Road, Shastri Nagar, Patna – 800023, Telephone No.: +91-612-2284861, Fax: +91-612-2280324, Email: bsbccl.patna@gmail.com